an>

Title: Regarding the need to start a ropeway to reach Ekvira temple at carla cave in Mawal constituency.

श्री श्रीरंग आप्पा बारणे (मावल): माननीय उपाध्यक्ष जी, मेरे संसदीय क्षेत्र मावल के अंतर्गत कार्ला एवं भाजा नाम से दो ऐतिहासिक प्राचीन गुफाएं हैं जो भारतीय पुरातत्व विभाग की देखरेख में हैं। मेरे संसदीय क्षेत्र में कार्ला गुफा के नजदीक लोनावाला है, कार्ला गुफा के नजदीक एकाविरा देवी का प्रसिद्ध मंदिर है। एकविरा देवी मंदिर आग्री समाज का प्रमुख पूजा स्थल है। यहां प्रतिवर्ष रायगढ़, मुम्बई, कोंकण और महाराष्ट्र के अन्य क्षेत्रों से लाखों की संख्या में पर्यटक एवं भक्त देवी के दर्शन के लिए एवं गुफा देखने के लिए आते हैं। यहां नवरात्रों के समय पर्यटकों एवं भक्तों की संख्या कई गुना बढ़ जाती है लेकिन इनके लिए जाने का कोई विशेष साधन नहीं है। इस कारण यहां आने-जाने में अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

अतः मैं आपके माध्यम से सरकार से आग्रह करूंगा कि कार्ला गुफा स्थित एकविरा देवी मंदिर जाने हेतु सरकार पुरातन विभाग एवं संबंधित विभाग को रोप-वे लगाने हेतु आवश्यक निर्देश दें जिससे इन ऐतिहासिक गुफाओं एवं एकविरा मंदिर में पर्यटक और भक्त आसानी से जा सकें। धन्यवाद।